प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 28.11.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1-अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघरः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी की रोकथाम व अवैध शस्त्र धारको की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 28.11.2024 को उ0नि0 बृजेश कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त नन्हू पुत्र रामचन्द्र निवासी मौहल्ला मुराब टोला कस्बा व थाना बहजोई जनपद सम्भल को 01 अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त नन्हू उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 676/2024 धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने के 06 आरोपीगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 28.11.2024 को **थाना कटघर पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1-विशेष पुत्र केवल निवासी सिरसा इनायतपुर दौडबाग थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,2- कल्लू कश्यप पुत्र दौलत राम,3- अर्जुन सैनी पुत्र मुन्ना लाल निवासीगण बसन्त विहार बल्देवपुरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद,4- अजीत कुमार पुत्र श्री बागेश्वर कुमार निवासी देहरीघाट थाना कटघर जनपद मुरादाबाद तथा **थाना ठाकुरद्वारा पुलिस** द्वारा आरोपीगण 1-रूकमुद्दीन पुत्र वकील अहमद, 2-आदिल पुत्र महबूब अली निवासीगण ग्राम मदारपुर थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।